देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 124 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
जानलेवा सफाई



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 13 अगस्त 2020



मौसम अधिकतम $29.0^{0}$ न्यूनतम $24.0^{0}$

38369.63

2 सागर में निकली चीन की हेकड़ी

7 स्टीव स्मिथ है बेस्ट टेस्ट क्रिकेटर

# हिंसा के गुनहगार देंगे हर्जाना

## बेंगलुरु हिंसा में एसडीपीआई नेता गिरफ्तार, 3 की मौत 250 गाड़ियां खाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। बेंगलुरु में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर हिंसा भड़क गई है। इस दौरान हालात को काबू करने के लिए पुलिस को फायरिंग भी करनी पड़ी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य शख्स को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अचानक भड़की हिंसा में 60 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। वहीं, मामले में पुलिस ने अबतक 145 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालात को देखते हुए इलाके में सीआरपीएफ और सीआईएसएफ की कुछ कंपनियों को भी तैनात किया गया है। फेसबुक पर कथित धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले पोस्ट को शेयर करने के आरोपी नवीन नामक शख्स को कांग्रेस पार्टी विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति का भतीजा बताया जा रहा है।

कर्नाटक के सीएम येदियुरप्पा

### धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले पोस्ट को शेयर करने वाला गिरफ्तार

ने घटना के पीछे जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने कहा कि हिंसा में शहर को जितना भी नुकसान हुआ है उसका हर्जाना दंगाइयों से ही वसूला जाएगा। बेंगलुरु के डीजे हल्ली और केजी हल्ली पुलिस थाना इलाके में देर रात ये हिंसा हुई,जिसके बाद इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इसके साथ ही बेंगलुरु में धारा 144 लगाई गई है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट शेयर करने के आरोपी नवीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। आरएएफ,सीआरपीएफ और सीआईएसएफ की कुछ कंपनियों



को भी तैनात किया गया है।

**पुलिस ने सुनाई आपबीती:** बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर कमलकांत ने बताया कि फेसबुक पोस्ट के बाद लोग उस इलाके में इकट्ठा हो गए। हमारे ऑफिसर ने उन्हें हालात समझाने की कोशिश की। वो तत्काल गिरफ्तारी और अपने लिए सुरक्षा की मांग कर रहे थे। जब उन्हें समझाया गया कि ये इस तरह से नहीं हो सकता तो वो गुस्सा हो गए और पत्थरबाजी करने लगे। इस दौरान वाहनों में आग लगा दी गई और उन्हें क्षतिग्रस्त किया गया। एक ग्रुप बेसमेंट में गया और वहां करीब 200–250 वाहनों में आग लगा दी।

**सरकार को पूरा समर्थन: शिवकुमार:** बेंगलुरु हिंसा की की निंदा करते हुए कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख डीके शिवकुमार ने कहा कि हमारी पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है। मैंने आज हमारे विधायकों की बैठक बुलाई है। मैंने हमारे नेता सिद्धारमैया से बात की है, हम शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए सरकार को पूरा समर्थन देंगे।

### अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई: येदियुरप्पा

येदियुरप्पा ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ आदेश जारी किए गए हैं और स्थिति पर काबू पाने के लिए सरकार ने सभी संभव कदम उठाए हैं। पत्रकारों, पुलिस, जनता पर हमला अस्वीकार्य है। सरकार ऐसे उकसावों और अफवाहों को बर्दाश्त नहीं करेगी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल का तंज– मोदी है तो मुमकिन है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इन्फोसिस के संस्थापक एन. आर. नारायण मूर्ति की ओर से जीडीपी में आजादी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट की आशंका जताए जाने को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तंज कसा। उन्होंने नारायण मूर्ति के बयान वाली एक खबर का हवाला देते हुए ट्वीट किया, श्मोदी है तो मुमकिन है। राहुल गांधी इकॉनमी को लेकर लगातार मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं।

### विधायकों की नाराजगी स्वाभाविक: गहलोत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
जैसलमेर। सचिन पायलट खेमे की वापसी के बाद लग रहा था कि राजस्थान में सियासी घमासान थम गया है, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। पायलट गुट की वापसी से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का खेमा नाराज हो गया है। मुख्यमंत्री ने भी विधायकों की नाराजगी को स्वाभाविक बताया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह प्रकरण हुआ और जिस तरह से विधायक एक महीने तक रहे, यह स्वाभाविक है। मैंने उन्हें समझाया है कि राष्ट्र, राज्य, लोगों की सेवा करने के लिए और लोकतंत्र को बचाने के लिए कभी–कभी हमें सहनशील होने की आवश्यकता होती है। गहलोत ने आगे कहा कि हम साथ काम करेंगे। हमारे जो दोस्त चले गए थे वो अब वापस आ गए हैं।

### गिरफ्तार कर पूछताछ से सामने आएगी मामले की सच्चाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पटना। सुशांत की मौत के मामले में वकील विकास सिंह ने अपने बयान में कहा है कि सिद्धार्थ पिठानी संदिग्ध चरित्र का व्यक्ति है। वह बहुत ही शातिर अपराधी है। उसने सुशांत के पिता द्वारा पटना में एफआइआर दर्ज कराने तक सुशांत के परिवार से नियमित संपर्क रखा। इस दौरान उसने परिवार को लगातार सहायता देने की बात कही। लेकिन एफआइआर दर्ज होते ही उसके व्यवहार में परिवर्तन आ गया।

# रूसी वैक्सीन पर डब्ल्यूएचओ ने मांगा प्रूफ, यूएस को शक

## वैक्सीन की सेफ्टी से लेकर साइड इफेक्ट की जांच जरूरी: एम्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनियाभर में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। इसके साथ ही कोरोना वैक्सीन को लेकर भी काफी तेजी से तैयारियां चल रही हैं। रूस ने कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने को लेकर सफलता मिलने का ऐलान किया है। वहीं अमेरिका को रूस के दावे पर शक है। अमेरिका के जाने–माने संक्रामक रोग विशेषज्ञ और प्रेजिडेंट ट्रंप के सलाहकार एंथनी फाउची ने कहा कि उन्हें इस बात का शक है कि ये वैक्सीन कोरोना वायरस पर काम करेगी। नैशनल जियोग्राफिक पर पैनल डिस्कशन के दौरान एंथनी फाउची ने कहा कि वैक्सीन बनाना और उस वैक्सीन को सुरक्षित और प्रभावी साबित करना अलग बात है।

इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी रूस से वैक्सीन के बारे में कई जानकारी मांगी है। विश्व संस्था ने रूसी सरकार से वैक्सीन के बारे में तमाम रिसर्च को जारी करने को कहा है। डब्ल्यूएचआने साथ ही रूस को वैक्सीन रिजस्टर करने से पहले इसके क्लीनिकल ट्रायल को पूरी करने को कहा है।

**भारत में ये कंपनियां तैयार कर रहीं वैक्सीन:** भारत में फिलहाल दो कंपनियों की वैक्सीनों को लेकर चर्चा है। भारत बायोटेक और जायडस कैडिला कोरोना वैक्सीन को लेकर काम कर रही हैं। इसके अलावा ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और एस्ट्रा जेनेका की संभावित वैक्सीन को लेकर सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने भी दांव खेला है।

**रूसी वैक्सीन में 20 देशों ने दिखाई है रूचि:** रूस के कोरोना वैक्सीन को लेकर भारत समेत दुनियाभर के 20 देशों ने रूचि दिखाई है। इस वैक्सीन के 20 करोड़ डोज बनाने की तैयारी की जा रही है।

### एम्स डायरेक्टर बोले, सेफ्टी की जांच जरूरी

गुलेरिया ने कहा, हमें देखना पड़ेगा कि रूसी वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव हो। सेफ का मतलब कि उससे कोई साइड इफेक्ट नहीं हो और इफेक्टिव का मतलब कि वैक्सीन इम्युनिटी को बढ़ाती हो। अगर ये दोनों चीजें आती हैं तो बड़ा कदम होगा। भारत के पास यह क्षमता है कि वह इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन कर पाए। उससे वैक्सीन ट्रायल और प्रभावकारी होगी और यह जल्दी आ जाएगी। ये दोनों चीजें वैज्ञानिक दुनिया में साफ होनी चाहिए कि वैक्सीन सेफ और सुरक्षित है।

# बारामूला में सेना के वाहन पर आतंकी हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में सेना के जवानों पर आतंकियों ने एक बड़ा हमला किया है। बारामूला के हीगम इलाके में सेना के काफिले में शामिल वाहन पर हमला किया है। इस हमले में वाहन सवार एक जवान घायल हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, बारामूला के सोपोर के पास आतंकियों ने सेना के जवानों पर गोलीबारी की है। इस इलाके में सेना के एक वाहन को घात लगाकर बैठे आतंकियों ने निशाना बनाया है। घटना के बाद इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

**पुलवामा में एक जवान एनकाउंटर के दौरान शहीद:** इससे पहले जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को ही सुरक्षा बलों ने एनकाउंटर में एक आतंकवादी को मार गिराया। इस ऑपरेशन में सेना का एक जवान शहीद हो गया, जबकि एक अन्य जवान घायल हो गया। घायल जवान को सेना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि एनकाउंटर में मारे गए आतंकवादी के पास से एक एके राइफल और कुछ ग्रेनेड बरामद किए गए हैं।

### कायराना हरकत

हमले में वाहन सवार एक जवान घायल



### अस्पताल में भर्ती कराया गया जवान

इस हमले में घायल जवान के गढ़वाल राइफल्स का होने की सूचना मिली है। घायल जवान को श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। वहीं घटनास्थल पर आतंकियों की तलाश के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# जिंदा रहते भी इतना पॉपुलर नहीं थे सुशांत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर राजनीति तेज हो गई है। शिवसेना के संजय राउत के बाद एनसीपी चीफ शरद पवार भी उद्धव सरकार के समर्थन में उतर आए हैं। पवार ने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र सरकार और मुंबई पुलिस की जांच पर पूरा भरोसा है। हालांकि अगर किसी को लगता है कि इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए, तो मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है।

### पवार ने कहा, सीबीआई जांच से आपत्ति नहीं, मगर मुंबई पुलिस पर भरोसा है

शरद पवार ने कहा कि जिस तरह इस घटना को मीडिया में तवज्जो दी जा रही है वह आश्चर्यजनक है। जांच सीबीआई या कोई भी करे, लेकिन मुझे मुंबई पुलिस पर पूरा भरोसा है। उधर इस घटना में ठाकरे परिवार को बदनाम करने की साजिश के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि इसके पीछे का उद्देश्य क्या है। पवार ने कहा, मुझे महाराष्ट्र और मुंबई पुलिस पर पिछले पचास सालों से विश्वास है। वहीं एनसीपी के माजिद मेमन बोले, जिंदा रहते भी इतना पॉपुलर नहीं थे सुशांत।